अमृत विचार

बरेली महानगर | बरेली , बुधवार,22 अप्रैल 2026

PAGE NO: IV BOTTOM

डीपीएस, केपीएस ने जीते उद्घाटन मैच

● श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट सीजन 2 आरंभ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में मंगलवार को श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट सीजन टू आरंभ हुआ। उद्घाटन मैच में डीपीएस ने पेनाल्टी शूटआउट में एयर फोर्स स्कूल को 3-1 से पराजित किया। दूसरे मैच में कृष्णा पब्लिक स्कूल ने जिंगल बेल्स को 1-0 से हराया। जयपुरिया स्कूल की टीम के न आने पर सोबती पब्लिक स्कूल को वॉकओवर मिला।

बरेली जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष अमरजीत सिंह बख्शी ने कहा कि यह टूर्नामेंट खिलाड़ियों को क्षमता दिखाने का बेहतरीन मंच प्रदान करता है। कोच नसीम अख्तर ने बेहतरीन प्रदर्शन का आह्वान किया। आदित्य मूर्ति ने कहा कि यह टूर्नामेंट छात्रों को खेल क्षमताएं साबित करने का बड़ा अवसर है। श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के प्रिंसिपल डा. प्रभाकर गुप्ता ने प्रतियोगिता के बारे में बताया। जिला फुटबॉल संघ के सचिव मून रॉबिन्सन,आयोजन सचिव डॉ. पुष्पेंद्र यादव, डॉ. आशुतोष पाण्डेय, बालीबाल कोच डा.नितिन सक्सेना, स्पोर्ट्स ऑफिसर शंकरपाल सिंह गंगवार उपस्थित रहे। संचालन डा.आशीष कुमार ने किया।

खिलाड़ी को सम्मानित करते आयोजक। ● अमृत विचार

सोबती और बासुबरल की टीमें क्वार्टर फाइनल में

बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में सोबती पब्लिक स्कूल और बासुबरल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। सोबती की टीम ने काजी हमजा ने 65 गेंदों में 11 चौकों की मदद से 65 रन की मदद से 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 97 रन बनाए। हांडा पब्लिक स्कूल 17 .3 ओवर में 92 रन बना सका। सोबती पब्लिक स्कूल ने 5 रन से मैच जीत कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे मैचे में बासु बरल ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 179 रन बनाए। राधा माधव पब्लिक स्कूल की टीम 18 .3 ओवर में 140 रन बना सकी। टूर्नामेंट के ऑर्गनाइजिंग कमेटी के प्रेसिडेंट डा.प्रभाकर गुप्ता, ऑर्गनाइजिंग कमेटी के सेक्रेटरी डा .शोभित सक्सेना और डिप्टी सेक्रेटरी इंजीनियर निपुन पांडेय ने मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी प्रदान की।